# ड्रोन इमेजिंग एंड इन्फॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (DRIISHYA) का गठन

## चर्चा में क्यों?

4 अक्टूबर, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नवगठित **ड्रोन इमेजिंग एंड इन्फॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (DRIISHYA)** के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की पहली बैठक की अध्यक्षता की।

## प्रमुख बिंदु

- बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में ड्रोन पायलट की ट्रेनिंग के लिये **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान एकेडमी** के साथ एमओयू साइन करने की अनुमति प्रदान की गई।
- उल्लेखनीय है कि **प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सर्वे, गिरदावरी तथा इमेजिंग के कार्य को तत्परता से निपटाने के लिये** ड्रोन इमेजिंग एंड इन्फॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड **(DRIISHYA)** का गठन किया गया है।
- **मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को 'दृष्या' का चेयरमैन मनोनीत किया गया है** और **मुख्य सचिव विजय वर्धन को वरिष्ठ वाइस चेयरमैन** बनाया गया है। इसके अलावा बोर्ड में 10 निदेशक नियुक्त किये गए हैं।
- इसके गठन से हरियाणा में हर वर्ष मैनुअल किये जाने वाले सर्वे के कार्यों में आने वाली दिक्कतें दूर हो सकेंगी और सर्वे वैज्ञानिक तरीके से किये जा सकेंगे।
- **प्रदेश में यह एक अनूठी शुरुआत है।** इसका उपयोग राजस्व के अलावा खनन, वन, यातायात, नगर एवं योजना विभाग, कृषि आदि विभागों में किया जा सकेगा।
- इस कंपनी का **मुख्यालय करनाल में** बनाया गया है और यह **ड्रोन की खरीद करने के लिये नोडल एजेंसी** होगी। इससे **मैपिंग, भूमि रिकॉर्ड, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा शहरी क्षेत्र में योजनागत विकास करने में मदद** मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/drone-imaging-and-information-service-of-haryana-limited